-- ॐ  जिस हेतु अपर जिला अधिकारी रायबरेली

(127)

**"जल जीवन मिशन फेज–II तथा III " कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति, रायबरेली की अध्यक्षता में दिनांक–12.10.2022 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति, रायबरेली की अध्यक्षता में "जल जीवन मिशन फेज–II तथा III कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 विरचन एवं क्रियान्वयन हेतु नामित मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद तथा मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिसमें निम्न अधिकारियों / फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया (मे0 आरना फाउण्डेशन के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे)–

| | | |
|---|---|---|
| 1– श्रीमती पूजा यादव | – | मुख्य विकास अधिकारी, रायबरेली। |
| 2– श्री अरूण कुमार | – | जिला विकास अधिकारी, रायबरेली। |
| 3– श्री एस रहमान | – | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली। |
| 4– श्री शैलेन्द्र | – | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली। |
| 5–श्री अनुज कुमार | – | सहायक अभियन्ता,जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति रायबरेली। |
| 6– श्री अनिल मण्डाला | – | परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, रायबरेली। |
| 7– श्री अशोक कुमार चौधरी | – | परियोजना प्रबन्धक, मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा । |
| 8– श्री राहुल भार्गव (प्रतिनिधि) | – | परियोजना प्रबन्धक, मे0 सेन्सिस टेक लिमिटेड, (टी0पी0आई0) रायबरेली। |
| 9– श्री अभिषेक सिंह (प्रतिनिधि) | – | डिस्ट्रिक्ट को–ऑर्डिनेटर, मे0 आरवी एसोसिएट्स, रायबरेली। (डी0पी0एम0यू0) |
| 10– प्रतिनिधि | – | समस्त चयनित आई0एस0ए0, जनपद– रायबरेली। |
| 11– अनुपस्थित | – | मे0 आरना फाउण्डेशन, लखनऊ। |

**बैठक में निम्न बिन्दुओं पर वार्ता की गयी :–**

**1– भूमि उपलब्धता :–**

फेज–II में फर्म मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा बताया गया कि 401 ग्राम पंचायत में से समस्त 401 ग्राम पंचायतों में पेयजल निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा ली गयी है तथा फेज–III में मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड द्वारा बताया गया कि 232 आवंटित ग्राम पंचायतों में से 196 ग्राम पंचायतों पर भूमि उपलब्ध करा ली गयी है। शेष 36 नग ग्राम पंचायतों में से 28 नग ग्राम पंचायतों में भूमि उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया है। शेष 08 नग ग्राम पंचायत (05 नग ऊँचाहार तथा 03 नग

सदर) में मानक के अनुसार भूमि उपलब्ध नहीं है जिस हेतु अपर जिला अधिकारी रायबरेली महोदय, से पत्राचार किया जा रहा है। (126)

**(कार्यवाही:– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा)**

**2– <u>डी0पी0आर0 विरचन की स्थिति</u> :–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 एन0सी0सी0 लि0 को 401 नग डी0पी0आर0 नई पेयजल योजनाओं हेतु डी0 पी0 आर0 (फेज–II) तैयार की जानी है तथा 54 नग हेतु पुनर्गठन योजनाओं की भी डी0पी0आर0 तैयार की जानी है। कुल संख्या– 401 + 54 = 455 नग है।

फेज–III हेतु मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा द्वारा 232 नग ग्राम पंचायत हेतु नई पेयजल योजनाओं हेतु डी0पी0आर0 तैयार किया जाना है।

इस संबंध में मे0 एन0सी0सी0 लि0 के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक इनके द्वारा 401 नग ग्राम पंचायत नई पेयजल योजनाओं में से 307 डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये गये थे जिनमें से 219 डी0पी0आर0 स्वीकृत हो गये हैं तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा 88 नग डी0पी0आर0 संशोधन हेतु मे0 एन0सी0सी0 लि0 को वापस कर दिये गये थे, इसके अतिरिक्त 401 नग ग्राम पंचायतों में से शेष 94 नग ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 विरचन कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत किया जाना शेष है। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड को निर्देशित किया गया कि टीम बढ़ाकर समस्त डी0पी0आर0 का कार्य पूर्ण कर शासन द्वारा दी गयी डेडलाइन दिनांक– 31.10.2022 तक जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये, दिनांक– 31.10.2022 तक समस्त डी0पी0आर0 प्रस्तुत न करने की दशा में फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी।

मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा अवगत कराया गया कि 232 नग ग्राम पंचायत में से 15 ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 विरचन का कार्य पूर्ण हो गया है तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत किया जाना है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि समस्त 232 नग ग्राम पंचायत के डी0पी0आर0 विरचन का कार्य पूर्ण कर दिनांक– 31.10.2022 तक जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद रायबरेली में शेष 218 ग्राम पंचायतों (सम्मिलित 384 राजस्व ग्राम) के पुनर्गठन हेतु सर्वेक्षण

तथा भूमि चिन्हांकन का कार्य प्रगति पर है। समस्त ग्राम पंचायतों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शीघ्र ही समस्त ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 तैयार कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को इस माह के अन्त तक प्रस्तुत कर दिया जाएगा। 125

**(कार्यवाही :– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/ मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद / मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा)**

**3– टी0पी0आई0 :–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद स्तर पर थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन एजेन्सी के रूप में चयनित मे0 सिन्सेस टेक लि0, नागपूर द्वारा कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान टी0पी0आई0 से पूछा कि जल जीवन मिशन कार्यों में आपका क्या उत्तरदायित्व है, जिसके अनुपालन में श्री राहुल भार्गव, (टी0पी0आई0) (प्रतिनिधि) द्वारा अवगत कराया गया कि टी0पी0आई0 द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों का पर्यवेक्षण किया जाता है तथा पर्यवेक्षण के दौरान किये गये Observations को उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को अवगत कराया जाता है तथा कार्यों में हुई त्रुटियों को सही कराया जाता है।

**4– आई0एस0ए0 :–**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में कार्यरत 05 इम्पीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) में 03 एजेन्सीज A कैटेगरी एवं 02 एजेन्सीज B कैटेगरी में हैं।

मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों के समीक्षा के दौरान आई0एस0ए0 से पूछा कि जल जीवन मिशन कार्यों में आपका क्या उत्तर दायित्व है। जिसके अनुपालन में आई0एस0ए0 सेण्टर ऑफ टेक्नालाजी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि आई0एस0ए0 द्वारा जागरूकता अभियान, नुक्कड़ सभा तथा महिला/पुरूष बैठक कर लोगों को स्वच्छ पेयजल का महत्व बताते हैं तथा लोगों को पेयजल कनेक्शन लेने हेतु जागरूक करते है।

**5– एफ0एच0टी0सी0 :–**

जनपद रायबरेली में जल जीवन मिशन फेज-II के अन्तर्गत मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों का दिसम्बर, 2022 तक 53630 नग एफ0एच0टी0सी0 लक्षित है तथा 152 नग योजनाओं के सापेक्ष 114600 एफ0एच0टी0सी0 मार्च, 2023 तक लक्षित है। पिछले

07 दिवस की एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति 1033 है। वर्तमान में मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा प्रतिदिन लगभग 200 नग एफ0एच0टी0सी0 किये जा रहे हैं। (124)

उपरोक्त लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा आवश्यक मशीनरी एवं मैनपावर की व्यवस्था कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति तथा प्रतिदिन 500 एफ0एच0टी0सी0 पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही :– मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद)**

**6– उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) :–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन फेज–II के कार्यों हेतु मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा बहुत ही कम संख्या में मैन पावर के साथ कार्य कराया जा रहा है जिससे ससमय कार्य पूर्ण नहीं कराया जा सकता। ससमय कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक मशीनरी/मैनपावर एवं अन्य संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही :– मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद)**

अन्त में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपरोक्तानुसार दिए गए निर्देशों का ससमय अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित को निर्देशित किया गया।

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,**
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
रायबरेली।

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,**
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
रायबरेली।